Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 23 अक्तूबर, 2021

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-23-october-2021

पिनाका व स्मर्च राकेट प्रणाली

भारतीय सेना ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति से निपटने के लिये सीमा पर पिनाका और स्मर्च मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम (MRLS) तैनात किया है। पिनाका एक स्वचालित रॉकेट आर्टिलरी सिस्टम है जो 38 किमी. तक के क्षेत्र में लक्ष्य को टारगेट कर सकता है।

अत्याधुनिक और पूरी तरह से स्वदेशी पिनाका वेपन सिस्टम को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने डिज़ाइन किया है। यह सिस्टम औसत समुद्र तल पर 38 किमी. तक लक्ष्य को भेद सकता है। पिनाका रॉकेट का नामकरण भगवान शिव के धनुष के नाम पर किया गया है। यह लॉन्चर, भारतीय आर्टिलरी शस्त्रागार का एक बेहद शक्तिशीली हथियार है। यह 90 किमी. की दूरी तक फायर कर सकता है।

गौरतलब है कि रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन यानी डीआरडीओ ने इसी वर्ष जून माह में ओडिशा तट के पास चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण केंद्र (आईटीआर) से स्वदेशी पिनाका रॉकेट के उन्नत संस्करण का परीक्षण किया था।

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

52वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) का आयोजन गोवा में 20 नवंबर से 28 नवंबर, 2021 तक होगा। मौजूदा कोविड-19 की स्थिति को ध्यान में रखते हुए 52वें आईएफएफआई का आयोजन हाइब्रिड स्वरूप (लोग इस कार्यक्रम को स्वयं उपस्थित रहकर और ऑनलाइन भी देख सकेंगे) में किया जाएगा।

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) की स्थापना 1952 में की गई थी। यह एशिया का अत्यंत महत्त्वपूर्ण फिल्म महोत्सव है। इसका आयोजन वार्षिक रूप से होता है। मौजूदा समय में यह आयोजन गोवा में किया जाता है। महोत्सव का उद्देश्य दुनिया भर के सिनेमा को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है, ताकि फिल्म कला की उत्कृष्टता सामने आए, दुनिया के विभिन्न हिस्सों में वहाँ के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने को प्रकट करने वाली फिल्मों को समझने-जानने का मौका मिले तथा दुनिया के लोगों के बीच मैत्री और सहयोग को प्रोत्साहन मिले। महोत्सव का आयोजन फिल्म महोत्सव निदेशालय (सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन) और गोवा राज्य सरकार मिलकर करते हैं।

भारत ने जयनगर-कुर्था रेलवे लिंक नेपाल सरकार को सौंपा

भारत ने 22 अक्तूबर, 2021 को **जयनगर-कुर्था रेलवे लिंक** को औपचारिक रूप से नेपाल सरकार को सौंप दिया। इस रेलवे लिंक के निर्माण की फंडिंग भारत सरकार द्वारा की गई है। भारत में जयनगर से नेपाल के कुर्था के बीच 34.9 किलोमीटर लंबे नैरो लिंक गेज को ब्रॉड गेज में बदला गया है। इस रेल लिंक से व्यापार और वाणिज्य गतिविधियों के साथ-

साथ दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ने की उम्मीद है। यह परियोजना नेपाल के ऐतिहासिक शहर जनकपुर से होकर गुज़रेगी।